१८

**बिहार सरकार**

**लघु जल संसाधन विभाग**

पत्रांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-06/2024 4029 /पटना, दिनांक- 18/06/26

प्रेषक,

अतिमहत्वपूर्ण

रजनीश प्रसाद,
सरकार के अवर सचिव,
लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ।

सेवा में,

ई-मेल

अभियन्ता प्रमुख/
सभी मुख्य अभियन्ता/
सभी अधीक्षण अभियन्ता/
सभी कार्यपालक अभियन्ता/
सभी सहायक अभियन्ता/
सभी कनीय अभियन्ता(अन्य विभाग से प्रतिनियुक्ति के आधार पर सेवा प्राप्त एवं संविदा आधार पर नियोजित कनीय अभियन्ता को छोड़कर)
लघु जल संसाधन विभाग, बिहार ।

विषयः- लघु जल संसाधन विभागान्तर्गत बिहार अभियंत्रण सेवा/बिहार अवर अभियंत्रण संवर्ग के पदाधिकारियों/कर्मियों का SPARROW System के तहत वर्ष-2025-26 का e-PAR अभिलेखन निर्धारित समय-सीमा में करने के संबंध में ।

प्रसंगः- विभागीय पत्रांक-2374 दिनांक-09.04.2026 एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक-9562 दिनांक-29.05.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय पत्रांक-2374 दिनांक-09.04.2026 द्वारा लघु जल संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन बिहार अभियंत्रण सेवा(BES) एवं बिहार अवर अभियंत्रण संवर्ग(BSOES) के नियमित अभियन्ताओं का SPARROW System के अन्तर्गत e-PAR आलेखन संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश परिचारित है । उक्त पत्र द्वारा Online e-PAR आलेखन हेतु चरणवार समय-सीमा का निर्धारण किया गया है । सामान्य प्रशासन विभाग के प्रासंगिक पत्र द्वारा वित्तीय वर्ष-2025-26 में SPARROW System के तहत e-PAR आलेखन हेतु राज्य सेवा संवर्ग के ग्रुप-A एवं B श्रेणी के सभी प्रतिवेदित पदाधिकारियों, प्रतिवेदक पदाधिकारी, समीक्षी पदाधिकारी एवं स्वीकरण प्राधिकार के लिए निर्धारित समय-सीमा को निम्नवत् संशोधित किया गया है-

| गतिविधि | संशोधित समय-सीमा |
|---|---|
| प्रतिवेदित पदाधिकारी द्वारा स्वमूल्यांकन(Self Appraisal) को भरकर प्रतिवेदक पदाधिकारी को Online Forward किये जाने की अंतिम तिथि | 30.06.2026 |
| प्रतिवेदक पदाधिकारी(Reporting Officer) द्वारा PAR पर अपना मंतव्य अंकित कर समीक्षी पदाधिकारी(Reviewing Officer) को Online Forward किये जाने की अंतिम तिथि । | 31.07.2026 |
| समीक्षी पदाधिकारी(Reviewing Officer) द्वारा PAR पर अपना मंतव्य अंकित कर स्वीकरण पदाधिकारी(Accepting Officer) को Online Forward किये जाने की अंतिम तिथि । | 31.08.2026 |
| स्वीकरण पदाधिकारी(Accepting Officer) द्वारा PAR पर अपना मंतव्य अंकित कर PAR Custodian को Online Forward किये जाने की अंतिम तिथि । | 30.09.2026 |

कृ0पृ0उ0

e:\official document 13.11.2024\suman ji file\official letter folder\new office letter 25.02.26.docx

**2.** उल्लेख करना है कि अधिकांश प्रतिवेदित पदाधिकारियों द्वारा SPARROW System के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष-2025-26 का e-PAR आलेखन निमित्त स्वमूल्यांकन(Self Appraisal) भरकर प्रतिवेदक पदाधिकारी को Online Forward नहीं किया गया है ।

**3.** विभागान्तर्गत कार्यरत सभी विभागीय नियमित अभियन्ताओं द्वारा निर्धारित समय-सीमा में स्वमूल्यांकन(Self Appraisal) को भरकर प्रतिवेदक पदाधिकारी(Reporting Officer) को Online Forward किये जाने के पश्चात् सभी प्रतिवेदक पदाधिकारी से अपेक्षा है कि निर्धारित समय-सीमा में PAR पर अपना मंतव्य अंकित कर समीक्षी पदाधिकारी(Reviewing Officer) को Online Forward करना सुनिश्चित करेंगे । तत्पश्चात् समीक्षी पदाधिकारी(Reviewing Officer) एवं स्वीकरण पदाधिकारी (Accepting Officer) से अपेक्षा होगी कि निर्धारित समय-सीमा के अन्दर PAR पर अपना मंतव्य अंकित कर क्रमशः स्वीकरण पदाधिकारी एवं PAR CUSTODIAN को Online Forward करेंगे ।

**अतः उक्त के आलोक में सभी प्रतिवेदित पदाधिकारियों से अनुरोध है कि निर्धारित समय-सीमा के अन्दर e-PAR आलेखन निमित्त Self Appraisal भरकर Reporting Officer को Online Forward करना सुनिश्चित करें । उक्त कार्य के निष्पादन में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने की स्थिति में विभागीय आई0टी0 प्रबंधक(मो0 नं0-8114593967) से दूरभाष पर सम्पर्क कर समस्या का समाधान कराना सुनिश्चित करेंगे ।**

विश्वासभाजन

ह0/- 17.6.26

(रजनीश प्रसाद)

सरकार के अवर सचिव

लघु जल संसाधन विभाग ।

ज्ञापांक- 4029 /पटना, दिनांक- 18/06/26

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव/सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/संयुक्त सचिव-सह-नोडल पदाधिकारी, SPARROW Portal(PMU), सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/- 17.6.26

सरकार के अवर सचिव ।

ज्ञापांक- 4029 /पटना, दिनांक- 18/06/26

प्रतिलिपि- सचिव के आप्त सचिव/संयुक्त सचिव-सह-PAR CUSTODIAN/आई0टी0 मैनेजर-सह-PIMS CREATOR, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/- 17.6.26

सरकार के अवर सचिव ।